तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 31.8° | 15.0° |
| इंदौर | 30.8° | 15.6° |
| जबलपुर | 30.4° | 13.7° |
| ग्वालियर | 29.6° | 13.3° |

दैनिक
# नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 40 अंक 81,पृष्ठ 12)
मंगलवार 18 फरवरी 2025
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये




राजधानी... वन्य जीव पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनकर उभर...



खेल... जोआओ फोंसेका ने अर्जेंटीना ओपन जीतकर...



व्यापार... एपीडा ने ऑस्ट्रेलिया को भारतीय अनार की पहली...



देश-विदेश... पाक आर्मी और आतंकियों में मुठभेड़...



www.naiduniaonline.com


*भगदड़ के बाद जागी सरकार...*

# साठ बड़े रेलवे स्टेशनों पर भीड़ कंट्रोल के लिए अब नया फॉर्मूला लागू

**नई दिल्ली (एजेंसी)। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को रात में हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई। इस घटना के बाद रेल मंत्रालय ने जांच कमेटी बनाई है, जो पूरे मामले की जांच कर रहा है। इस बीच रेल मंत्रालय ने इस तरह की घटना को रोकने के लिए तीन महत्वपूर्ण कदम उठाने का फैसला किया है।**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा कि है कि देश के 60 सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया स्थापित किए जाएंगे। यह होल्डिंग एरिया यात्रियों को उनकी ट्रेन के आगमन तक प्रतीक्षा करने के लिए एक सुरक्षित और व्यवस्थित स्थान प्रदान करेगा। इस व्यवस्था के तहत, यात्रियों को पहले होल्डिंग एरिया में बैठाया जाएगा और जब उनकी ट्रेन आएगी, तभी उन्हें प्लेटफार्म पर जाने की अनुमति दी जाएगी। यह व्यवस्था प्लेटफार्म पर भीड़ को कम करने और दुर्घटनाओं को रोकने में मदद करेगी। रेलवे ने कुछ स्टेशन के नाम बताए है जहां पर ये होल्डिंग एरिया बनाया जाएगा: नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, आनंद विहार स्टेशन, लखनऊ, वाराणसी, मुगलसराय, कानपुर, झाँसी,



पटना, दरभंगा, आरा, मुंबई, सूरत, सोनपुर, बंगलौर, हावड़ा, मालदा और अन्य। रेल मंत्री ने बताया कि, छट पूजा के दौरान दिल्ली में बनाये गए होल्डिंग एरिया सफल रहा। ऐसा ही होल्डिंग एरिया महाकुंभ के लिए प्रयागराज में बनाया भी है।

इसी तरह का देश के 60 स्टेशनों पर बनाया जाएगा। अश्विनी वैष्णव ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की है कि रेलवे जल्द ही एक जागरूकता अभियान चलाएगा जिसमें यात्रियों को रेलवे स्टेशन की सीढ़ियों पर न बैठने के लिए कहा जाएगा। यह अभियान इसलिए शुरू किया जा रहा है क्योंकि अक्सर यात्री सीढ़ियों पर बैठ जाते हैं, जिससे प्लेटफार्म पर आने और जाने वाले लोगों को परेशानी होती है। सीढ़ियों पर भीड़ को कम करने से भगदड़ जैसी घटनाओं से बचा जा सकता है। रेल मंत्री ने घोषणा की है कि रेल मंत्रालय 6 महीने के लिए एक विशेष अभियान चलाएगा, जिसमें यात्रियों, प्लेटफार्म पर काम करने वाले कर्मचारियों, स्टॉल लगाने वाले दुकानदारों और अन्य लोगों की राय और सुझाव लिए जाएंगे।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकटों की काउंटर से बिक्री बंद

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के बाद रेलवे प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भीड़ प्रबंधन के दृष्टिकोण से रेलवे स्टेशन पर शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक अगले एक सप्ताह के लिए प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री बंद करने का फैसला लिया गया है। इस हादसे के बाद से अब नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पूरे स्टेशन परिसर में सुरक्षाबलों की कंपनी तैनात कर दी गई है।

## प्रयागराज स्टेशन पर लागू हुआ कलर कोडिंग सिस्टम

महाकुंभ नगर (एजेंसी)। महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। सभी प्रमुख स्नान पर्व समाप्त हो चुके हैं, लेकिन प्रयागराज आने वालों की संख्या में कोई कमी नहीं आई है। प्रयागराज जंक्शन समेत प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। इस बीच, उत्तर मध्य रेलवे ने भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष योजना लागू की है। उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने कहा कि सभी वीआईपी प्रोटोकॉल रोक दिए गए हैं और रेस्ट हाउस की एडवांस बुकिंग भी बंद कर दी गई है। रेलवे ने अपनी सबसे कारगर योजना कलर कोडिंग सिस्टम को फिर से लागू कर दिया है। इसके तहत यात्रियों को उनके टिकट के रंग के आधार पर अलग-अलग यात्री आश्रय स्थलों में भेजा जा रहा है।

# जीआईएस में पहली बार होगी प्रवासी मध्यप्रदेश समिट

भोपाल(काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल में पहली बार आयोजित होने जा रहे इन्वेस्ट मध्यप्रदेश-ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में पहली बार प्रवासी मध्यप्रदेश समिट का भव्य आयोजन 25 फरवरी को किया जाएगा। इस वैश्विक मंच पर प्रदेश के प्रवासी उद्योगपतियों और निवेशकों की विशेष भागीदारी होगी।**




**पंद्रह से ज्यादा देशों के 500 प्रतिनिधि होंगे शामिल, यूके, दुबई, हांगकांग, सिंगापुर और जापान से बड़े प्रतिनिधि मंडल आएंगे**

इस सम्मेलन में दुनिया भर के प्रवासियों फ्रेंड्स ऑफ एमपी समूह के सदस्य शामिल होंगे। इस में 15 से अधिक देशों से मध्यप्रदेश के 500 से अधिक प्रवासी भारतीय प्रतिनिधि भाग लेंगे, जिनमें यूके, दुबई, हांगकांग, सिंगापुर और जापान जैसे देशों से महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे। यह कार्यक्रम राज्य की आर्थिक, सांस्कृतिक और औद्योगिक विकास को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिये एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

इस ऐतिहासिक आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का प्रमुख संबोधन होगा, जिसमें वे प्रवासी भारतीयों को प्रदेश के विकास में योगदान देने और निवेश के नए अवसरों का लाभ उठाने का आहवान करेंगे। डॉ. यादव प्रदेश की औद्योगिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रगति की रूपरेखा प्रस्तुत करेंगे और प्रवासी भारतीयों को अपनी जड़ों से जुड़ने के लिए आमंत्रित करेंगे।

कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों को मध्यप्रदेश में निवेश और व्यावसायिक अवसरों से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. जगत शाह संस्थापक मेंटर ऑन रोड द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से उद्यमिता को बढ़ावा देने पर चर्चा की जाएगी। प्रमुख सचिव प्रवासी भारतीय संदीप यादव प्रवासी भारतीय सम्मेलन की भूमिका और महत्व को रेखांकित करेंगे। कार्यक्रम में फ्रेंड्स ऑफ एमपी के विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय चैप्टर के प्रमुख अपने विचार साझा करेंगे। इनमें सुश्री लीना वैद्य, चेयर पर्सन फ्रेंड्स ऑफ एमपी, अबूधाबी चैप्टर, प्रमित मकोड़े चेयरमैन फ्रेंड्स ऑफ एमपी बॉस्टन चैप्टर, रोहित दीक्षित चेयरमैन फ्रेंड्स ऑफ एमपी यूके चैप्टर, सुश्री प्रेरणा भारद्वाज मेयर, जेराल्ड क्रॉस लंदन यूके और लार्ड रेमी रेंजर, हाउस ऑफ लॉर्ड्स (यूके) जैसे प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय इस आयोजन में अपना विचार रखेंगे। कार्यक्रम में एक विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति भी होगी, जिसमें मध्यप्रदेश की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक परम्पराओं को दर्शाया जाएगा।

प्रवासी मध्यप्रदेश समिट न केवल प्रदेश में निवेश और आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा, बल्कि प्रवासी भारतीयों को अपनी जड़ों से जोड़ने का एक सुनहरा अवसर भी प्रदान करेगा।

**खास-खबरें**

## पांच देशों के राजनयिकों ने राष्ट्रपति को अपने परिचय पत्र सौंपे

नई दिल्ली (एजेंसी)। पांच देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपने परिचय पत्र पेश किये। राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया है कि राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में कंबोडिया, मालदीव, सोमालिया, क्यूबा और नेपाल के राजदूतों तथा उच्चायुक्तों ने अपने परिचय पत्र राष्ट्रपति को सौंपे। परिचय पत्र प्रस्तुत करने वाले राजनयिकों में कंबोडिया की राजदूत रथ मैनी, मालदीव की उच्चायुक्त सुश्री ऐशथ अज़ीमा, सोमालिया के राजदूत डॉ. अब्दुल्लाही मोहम्मद ओडोवा, क्यूबा के राजदूत जुआन कार्लोस मार्सन एगुइलेरा और नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा शामिल हैं।

## शिवराज ने दी 13.22 लाख टन अरहर दाल खरीद को मंजूरी



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्ष 2024-25 के खरीफ सीजन के लिए मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश में 13.22 लाख टन अरहर दाल खरीद को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना में खरीद पहले ही शुरू हो चुकी है।

# मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए चयन समिति की हुई बैठक

**नई दिल्ली (एजेंसी)। मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में तीन सदस्यीय चयन समिति की बैठक हुई। यह बैठक साउथ ब्लॉक स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में आयोजित की गई।**



चयन समिति की बैठक में पीएम मोदी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और प्रधानमंत्री द्वारा नामित केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल हुए। यह समिति नए मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि जल्दी ही इस पद के लिए नियुक्ति की घोषणा की जाएगी। यानी अगले मुख्य चुनाव आयुक्त के नाम का ऐलान जल्द हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय चयन समिति की सिफारिश के बाद राष्ट्रपति भारत के नए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) की नियुक्ति करेंगी। अब तक परंपरा रही है कि सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त को मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में प्रमोट किया जाता है। इस समय चुनाव आयोग में वरिष्ठता के आधार पर इस पद के लिए नामों पर चर्चा की जा रही है।

# कश्मीर तक हवाई सेवा को मिली मंजूरी

जम्मू (एजेंसी)। अंबाला में बन रहे सिविल एयरपोर्ट से दो और रूट्स पर हवाई सेवा की सहमति मिल गई है। इनमें से एक रूट, अंबाला-श्रीनगर-अंबाला के लिए फ्लाईबिंग एयर लाइंस के साथ समझौता हो गया है, जबकि दूसरे रूट अंबाला-लखनऊ-अंबाला के लिए प्रक्रिया तेज हो गई है। परियोजना की शुरुआत: हरियाणा के मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अंबाला एयरपोर्ट को मंजूरी मिली है। यह केंद्र सरकार की उड़ान योजना के तहत है। इस बीच, अंबाला हवाई अड्डे से अंबाला-श्रीनगर-अंबाला को जोड़ने वाला आरसीएस रूट फ्लाईबिंग एयर लाइंस को दिया गया है।

# दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप के तीव्रता चार मापी गयी।**

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र (एनसीएस) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में आज सुबह पांच बजकर 37 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किये। भूकंप की तीव्रता चार मापी गयी और भूकंप का केन्द्र राष्ट्रीय राजधानी में जमीनी सतह से पांच किलोमीटर नीचे स्थित था। दिल्ली के अलावा फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक, गाजियाबाद, नोएडा और उसके आसपास के क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप के तेज झटकों के कारण घरों के छत के पंखे तेजी से हिलने लगे और घरों में रखे बर्तन खड़कने लगे।

भय के मारे लोग अपने घरों से बाहर निकल आये। एनसीएस के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.0 मापी गयी। भूकंप का केन्द्र 28.59 डिग्री उत्तर अक्षांश और 77.16 डिग्री पूर्वी देशांतर, जमीनी सतह से पांच किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। कई साल के बाद भूकंप का केंद्र दिल्ली रहा। इसकी वजह से यहां लोगों को झटके काफी देर तक महसूस हुए। दिल्ली पुलिस ने किसी तरह की परेशानी होने पर लोगों से आपातकालीन सेवा 112 पर डायल करने की सलाह दी है।

# दिल्ली में कल भाजपा विधायक दल की बैठक, होगा मुख्यमंत्री का फैसला

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को होने वाली विधायक दल की बैठक दो दिन के लिए टाल दी गई है और अब यह बैठक 19 फरवरी को होगी और उसके अगले दिन 20 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह होगा। पहले सोमवार 17 फरवरी को दोपहर 3 बजे विधायक दल की बैठक होने की खबर आई थी, जिसमें दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के नाम पर अंतिम मुहर लगनी थी। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि अब बैठक 19 फरवरी को होगी। पहले खबर थी कि दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह 19 फरवरी को हो सकता है, लेकिन अब यह कार्यक्रम भी एक दिन आगे बढ़ा दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि 20 फरवरी को शपथ ग्रहण कार्यक्रम की जिम्मेदारी भाजपा के दो राष्ट्रीय महासचिव देखेंगे। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और तरुण चुग को शपथ ग्रहण कार्यक्रम सह रैली का इंचार्ज बनाया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, सभी 48 नवनिर्वाचित भाजपा विधायक केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में भाजपा विधायक दल के नेता का चयन करेंगे।

# चीन दुश्मन नहीं, भारत को बदलना होगा नजरियाः पित्रोदा

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा ने कहा कि चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है। अब समय आ गया है कि हम पड़ोसी देश को पहचानें और उसका सम्मान करें। पित्रोदा ने भारत-चीन संबंधों पर कहा कि भारत को अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है और यह धारणा छोड़ने की जरूरत है कि चीन दुश्मन है। उन्होंने कहा कि भारत का दृष्टिकोण हमेशा से टकराव वाला रहा है, जो दुश्मनी पैदा करता है, सोचने का यह तरीका बदलना चाहिए, यह जरूरी नहीं कि हम हमेशा चीन को दुश्मन मानें और यह सिर्फ चीन के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए होना चाहिए। सैम पित्रोदा ने कहा कि मुझे नहीं पता कि चीन से क्या खतरा है।



# महाकुम्भ का विरोध करने वालों से बेहतर है हमारी इकॉनमिक्सः योगी

लखनऊ (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को सम्मान देकर किस तरह देश की एकता और आर्थिकी को प्रोत्साहित किया जा सकता है, यह महाकुम्भ के अवसर पर सहज ही अनुभव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अयोध्या, काशी और प्रयागराज में जिस प्रकार श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है, उसने भारतीय संस्कृति को नई पहचान तो दी ही है, अर्थव्यवस्था को भी बड़ा बूस्ट दिया है। अयोध्या, काशी और प्रयागराज ने भारत के पोटेंशियल को दर्शाया है। महाराष्ट्र से आये युवा उद्यमियों से संवाद करते हुये उन्होंने कहा कि महाकुम्भ का विरोध करने वालों से हमारी इकॉनमिक्स बेहतर है। उन्होंने उद्यमियों से पूछा कि अगर केंद्र व राज्य की तरफ से मिलकर 7500 करोड़ रुपये खर्च करके अर्थव्यवस्था में तीन से साढ़े तीन लाख की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है तो कौन सा सौदा सही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या, प्रयागराज, काशी, चित्रकूट, गोरखपुर, नैमिषारण्य में बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर है। अयोध्या में सड़क चौड़ीकरण, इंटरनेशनल एयरपोर्ट निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम के दौरान यह लोग विरोध कर रहे थे, लेकिन जब सरकार ने दृढ़ इच्छाशक्ति से निर्णय लिया तो रिजल्ट सामने है।



# राजीव कुमार ने कहा चुनाव आयोग को अलविदा



नई दिल्ली (एजेंसी)। निवर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को कहा कि भारतीय चुनाव प्रणाली दुनिया की सबसे बड़ी और पारदर्शी चुनाव प्रणालियों में से एक है तथा देश लोकतंत्र का एक चमकता प्रकाश-स्तम्भ है। देश के 25वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार का भारतीय निर्वाचन आयोग में मंगलवार को आखिरी दिन है। उन्होंने राजधानी में आयोग के मुख्यालय पर आयोजित विदाई समारोह में कहा कि भारत को लोकतांत्रिक व्यवस्था अपने गुणों के साथ दुनिया के तमाम देशों के लिए प्रेरणा का विषय है। हमें अपनी इस सॉफ्ट पावर (इस प्रतिष्ठा की शक्ति) का फायदा उठाना चाहिए। श्री कुमार ने कहा कि मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मैं आयोग को अधिक समर्थ, प्रतिबद्ध और पेशेवर हाथों में छोड़कर विदा ले रहा हूं।

**स्पेशल खबर** *सुको ने कहा कि अब नहीं करेंगे नई याचिकाएं स्वीकार...*

# प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्टः इनफ इज इनफ

**नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट मामले में लगातार दाखिल हो रही याचिकाओं पर सोमवार को कहा कि अब हम कोई नई याचिका स्वीकार नहीं करेंगे। इस मामले की सुनवाई के दौरान सीजेआई खन्ना नाराज हो गए।**

उन्होंने कहा कि इनफ इज इनफ। हम पूजा स्थल अधिनियम मामले में नई याचिकाओं पर विचार नहीं करने जा रहे। इसका अंत होना चाहिए! सुप्रीम कोर्ट ने पूजा स्थल अधिनियम की वैधता के सवाल पर दाखिल नई



याचिकाओं पर नाराजगी जताई है। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा कि इतनी अधिक संख्या में याचिकाएं दाखिल कर दी गई हैं। पिछली बार हमने सारी याचिकाओं को अनुमति दी थी। इस मामले में एक अप्रैल से शुरू होने वाले हफ्ते में लिस्ट किया जाए। साथ ही तीन जजों की बेंच के सामने मामले को रखा जाए। आपको बता दें कि कोर्ट ने इस मामले में पूजा स्थल अधिनियम 1991 पर दाखिल नई याचिकाओं पर नोटिस जारी करने से इनकार किया है। सीजेआई ने कहा कि अतिरिक्त आधारों के साथ हस्तक्षेप अर्जी दाखिल कर सकते हैं। सुनवाई के दौरान वकील ने कहा कि केंद्र को जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि जिन पर नोटिस जारी नहीं हुआ है उनपर सुनवाई नहीं करेंगे। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में अश्विनी कुमार उपाध्याय ने याचिका दायर की थी (बाद में सुप्रीम कोर्ट ने शाही-ईदगाह-कृष्ण जन्मभूमि, काशी-विश्वनाथ-ज्ञानवापी मस्जिद विवाद, संभल मस्जिद विवाद, कमाल मौला मस्जिद-सरस्वती मंदिर विवाद आदि सहित मंदिर-मस्जिद विवाद से संबंधित सभी मामलों को एक साथ जोड़ लिया था।